
साप्ताहिक

UPHIN/2015/65289

# मेरठ दर्पण

वर्ष 07 : अंक 11 मेरठ, सोमवार, 07 फरवरी , 2022

आईना सच का...



ओवैसी से अमित शाह की अपील : मैं एक बार फिर से विनती करता हूं सुरक्षा ले लें, हमारी चिंता खत्म करें

पेज-02 अमित अग्रवाल को मिला सभी

पेज-03 लापरवाही: मृत्यु के सात माह बाद

पेज-04 मां सरस्वती पूजन के साथ मनाया बसंत

Meerut DARPAN

Follow us on facebook twitter instagranm subscribe on youtube

E-mail : mrtdarpan@gmail.com फोन : 9897419837 मूल्य एक रुपया पृष्ठ 04

# चौथी जन चौपाल में बोले मोदी : भाजपा आई तो आपकी सुरक्षा होगी

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार का काम संभाल लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने सोमवार को चौथी जन चौपाल में बिजनौर, अमरोहा तथा मुरादाबाद के विधानसभा क्षेत्र के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ बिजनौर से वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़े। इन तीनों जिलों में दूसरे चरण में 14 फरवरी को मतदान होना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन चौपाल की शुरुआत मशहूर कवि दुष्यंत कुमार की लाइनों से की। उन्होंने कहा कि अपनी बात की शुरुआत मैं इस क्षेत्र के ही मशहूर कवि दुष्यंत कुमार जी की दो लाइनों से करूंगा। उन्होंने कहा था- यहां तक आते आते सूख जाती हैं कई नदियां, मुझे मालूम हैं पानी कहां ठहरा हुआ होगा। इसके बाद उन्होंने कहा



कि यह धरती, भगवान श्रीकृष्ण और पांडवों के श्रीचरणों की साक्षी है, महात्मा विदुर की कर्मभूमि और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक वीर सपूत पैदा करने वाली इस धरती को मैं आदर पूर्वक नमन करता हूं। आज यहां बिजनौर के साथ ही अमरोहा और मुरादाबाद के साथी भी जुड़े हुए हैं। उनका भी मैं स्वागत करता हूं। 2017 से पहले यूपी में भी विकास की नदी का पानी ठहरा था- पीएम मोदी ने कहा दुष्यंत कुमार जी ने लिखा था, यहां तक आते आते, सूख जाती हैं कई नदियां, मुझे मालूम है पानी कहां ठहरा हुआ होगा। 2017 से पहले यूपी में भी विकास की नदी का पानी ठहरा हुआ था। ये पानी नकली समाजवादियों के परिवार में उनके करीबियों में ठहरा हुआ था। इन लोगों को सामान्य लोगों की प्यास गरीबी की प्यास से कभी मतलब नहीं रहा, सिर्फ अपनी प्यास बुझाते रहे, अपने करीबियों की प्यास बुझाते रहे और अपनी तिजोरियों की प्यास बुझाते रहे।

# डबल इंजन की सरकार ने दी विकास और खुशहाली : सीएम

**बिजनौर, एजेंसी।** बिजनौर में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं महात्मा विदुर की धरती पर सभी का स्वागत करता हूं। आप सब जानते है कि बिजनौर जनपद यूपी का महत्वपूर्ण जनपद है। महात्मा विदुर के जिले में राजकीय मेडिकल कालेज बन रहा है। इसके लिए मैं अपनी सुभकामनाएं देता हूं। पांच साल तक डबल इंजन की सरकार को देखा है, यूपी में हर सुविधा डबल और ट्रिपल तरीके से जनता को दी है। पांच साल पहले पश्चिमी यूपी की हालत क्या होती थी, दंगा, कर्फ्यू और पलायन यहां की नियति बन चुकी थी। यहां दंगा होता था, हर दंगे के साथ महीनों तक चलने वाला कर्फ्यू लगता था और कर्फ्यू के कारण व्यापारी और आम जनजीवन त्रस्त होता था। बेटी की सुरक्षा खतरे में होती थी, कोई महिला



**आज बिजनौर में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

बाजार नहीं जा सकती थी। व्यापारी पलायन कर रहा था, गुंडागर्दी चरम पर थी। इसके पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिजनौर दौरा रद हो गया था। उन्?होंने जन चौपाल को वर्चुअल ही संबोधित किया। पांच साल में कोई दंगा यूपी में नहीं हुआ। अब माफिया और अपराधी गले में तख्ती लटकाकर थाने में भीख मांगते घूम रहे हैं। सत्ता बदलते ही अपराधी और माफिया को कहते सुना होगा, जान बख्श दो, मैं ठेला चलाकर पेट भर लूंगा, लेकिन अपराध नहीं करूंगा। ये काम सपा और बसपा की सरकार नहीं कर सकती थी। पांच साल पहले सड़के नहीं बनती थी, राहगीरों के साथ लूट होती थी।

लोग परेशान थे, लेकिन पांच साल के दौरान भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने इस नर्क से मुक्ति दिलाकर एक बार फिर से विकास, सुशासन की नींव डालकर हर चेहरे पर खुशहाली लाने का कार्य किया है। कोरोना काल में पीएम मोदी के नेतृत्व में लोगों को बचाने के लिए जिस तरीके से प्रबंधन किया।

# साकेत चौराहे से पुलिस व स्टैटिक्स टीम ने पकड़े 9.5 लाख की नकदी



**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** सिविल लाइन पुलिस और स्टैटिक्स टीम ने साकेत चौराहे पर चेकिंग के दौरान 9.5 लाख की नकदी पकड़ी है। स्पेयर पार्ट के कारोबारी से यह नगदी पकड़ी गई है। फिलहाल स्टैटिक्स टीम रुपए की काउंटिंग कर रही है। सिविल लाइन एसएसआई मोहम्मद ओवैस, एसआई कुमार पवन सोमवार सुबह साकेत गोल मार्केट के निकट वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान स्कूटी सवार दो लोगों को पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका। तलाशी लेने के बाद जब स्कूटी की डिग्गी खोली गई तो उसमें एक थैले से पुलिस को बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हो गए। पूछताछ में स्कूटी सवार ने अपना नाम शाहपीर गेट निवासी मोहम्मद सद्दाम बताया, जबकि साथ बैठे शख्स की पहचान नदीम के रूप में की। स्टैटिक्स टीम दोनों को सिविल लाइन थाने ले आई। यहां रुपये गिने जा रहे हैं। मोहम्मद सद्दाम का कहना है कि उन्हें यह रुपए लुधियाना एक पार्टी को ट्रांसफर करने थे, जिनसे वह माल मंगाते हैं। इंस्पेक्टर रमेश चंद शर्मा का कहना है कि स्टैटिक्स टीम के साथ कार्रवाई में नगदी पकड़ी गई है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

# मेरठ में भाजपा सरकार पर बरसे जयंत चौधरी



**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** आज आरएलडी मुखिया जयंत चौधरी ने कंकरखेड़ा में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जयंत चौधरी ने अपने भाषण में कहा कि भाजपा ने अपने शासन में सिर्फ लठमार शासन दिया है। आज किसान गरीब और हर वर्ग सरकार से परेशान हैं। यह चुनाव 5 साल का चुनाव है। और इसमें जो सरकार ने तानाशाही करते हुए गरीबों की रोजी रोटी छीनी है और कोरोना के समय में निहत्थे लोगों पर लाठियां बरसाई हैं। अब समय आ गया है की वोट की चोट से बदला लेना है। युवा वर्ग बेरोजगार है। किसान को अपनी फसलों का उचित दाम नहीं मिल रहा। व्यापारी वर्ग परेशान है। नौजवान की उम्र निकली जा रही है लेकिन भर्ती नहीं निकल रही। जयंत चौधरी ने गठबंधन प्रत्याशी मनीषा अहलावत को जिताने की अपील की। जयंत चौधरी ने कहा कि हम लोग हनुमान की सके अपनी ताकत भूल गए थे। मेरठ में म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बल्ले बनते हैं। लोकदल की भी बल्ले-बल्ले करा दो। सरकार कंगना रनौत को सुविधा दे रही है। सरकार ने ब्रांड एंबेसडर बनाया है। गठबंधन के आगे कोई भी पार्टी ठीक नहीं रही है। यह जो ताकत टिकी हुई है इसे आप सभी को बनाए रखना है। जन आंदोलन के आगे कोई नहीं टिकता। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का यह चुनाव है। सरकार यदि बनाओगे तो लठ नहीं चलेगा।



# कैलाश प्रकाश स्टेडियम में हुआ मतदाता जागरूकता पतंग महोत्सव का आयोजन

**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** कैलाश प्रकाश स्टेडियम में मतदाता जागरूकता पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीजी राजीव सब्बरवाल, कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी के0 बालाजी आदि उपस्थित रहे।

# अमित अग्रवाल को मिला सभी वर्गों का समर्थन, जगह-जगह स्वागत

## जाट सभा को अमित अग्रवाल ने किया संबोधित



**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के मेरठ कैंट प्रत्याशी अमित अग्रवाल ने अचला सिंह के नेतृत्व में आयोजित जाट सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जाट समाज सदैव से भाजपा के साथ रहा। जाट समाज द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया व भाजपा के पक्ष में मतदान करने का वादा किया गया। इस अवसर पर अचला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, विभोर चौधरी, शिव कुमार राणा, राहुल रस्तोगी, विवेक रस्तोगी, ओपी ठाकुर, गुड्डू ठाकुर, देवेंद्र गोयल, सहित भारी संख्या में जाट समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों ने दिया अमित अग्रवाल को समर्थन

**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी मेरठ कैंट विधानसभा प्रत्याशी अमित अग्रवाल को समर्थन देने के लिए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद ने आज रोटा रोड स्थित राधा मोहन सत्संग भवन में एक बैठक का आयोजन किया। प्रत्याशी अमित अग्रवाल के पहुंचने पर सभी सैनिकों ने मंच पर अमित अग्रवाल का माल्यार्पण स्वागत किया व भाजपा के पक्ष में मतदान करने का वादा किया। पूर्व सैन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए अमित अग्रवाल ने कहा कि सीमा पर जवान और खेत में किसान जब तक है तब तक प्रत्येक भारतवासी सुरक्षित है उन्होंने कहा कि सैन्य कर्मियों की वर्षों से चली आ रही वन रैंक वन पेंशन की मांग को मोदी ने केंद्र में सरकार बनते ही



स्वीकृत किया तथा सेना को आधुनिक सैन्य उपकरणों से सुसज्जित किया जो कि पूर्व की सरकारों द्वारा नहीं किया गया था ।आज हमारे देश की सेना में उच्च तकनीकी युक्त लड़ाकू विमान शामिल है इस अवसर पर कर्नल बक्शी तिलोकचंद सहित सैकड़ों की संख्या में पूर्व सैन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी को रोहटा रोड पर मिला भारी समर्थन

**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** मेरठ कैंट विधानसभा क्षेत्र रोहटा रोड पर भाजपा प्रत्याशी अमित अग्रवाल का भव्य स्वागत किया गया अमित अग्रवाल पहले राधे मोहन मंडप पहुंचे जहां पूर्व सैनिक संगठन ने अपना समर्थन अमित अग्रवाल को दिया उसके बाद रोड शो के द्वारा मुख्य मार्ग रोहटा रोड पर अमित अग्रवाल ने सभी से अभिवादन करते हुए हाथ जोड़कर वोटों की अपील की।

उनके साथ स्थानीय भाजपा नेता दुष्यंत रोहटा ने भी क्षेत्रीय मतदाताओं से



वोटों की अपील की उसके बाद वार्ड 25 के पूरे क्षेत्र में घर घर जाकर सम्मानित मतदाताओं से मिले और अपने पक्ष में आने वाली 10 फरवरी को ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की जिसमें स्थानीय माताओं बहनों बुजुर्ग नौजवान एवं बच्चों ने आरती उतार कर एवं फूल मालाओं से स्वागत किया।

भाजपा प्रत्याशी अमित अग्रवाल के पक्ष में रोहटा रोड के मतदाताओं में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित तोमर, मंडल प्रभारी चरण सिंह लिसाड़ी, पूर्व पार्षद ऋषिपाल सिंह, भाजपा नेता दुष्यंत रोहटा, नवाब सिंह लखवाया, वीरपाल रोहटा, अनुज दहिया राकेश प्रधान, देव कुमार मलिक, अजय धनकड़, मुकेश शर्मा, पवन तोमर, प्रमोद गोयल, सुशील जाटव, पी के सक्सेना, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजपूत समाज ने दिया अमित अग्रवाल को समर्थन



**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** भाजपा मेरठ कैंट प्रत्याशी अमित अग्रवाल के पक्ष में राजपूत समाज ने शांति फार्म में एक बैठक का आयोजन किया। सभा में पहुंचने पर प्रत्याशी अमित अग्रवाल को पगड़ी पहनाकर व तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया गया। अमित अग्रवाल ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि राजपूत समाज सदैव भाजपा के साथ ही रहा है ।वहा उपस्थित सभी लोगों ने भाजपा को वोट देने का वादा किया। इस अवसर पर जय वीर सिंह, कैप्टन प्रेमपाल सिंह, हरवीर सिंह राणा, अरुण चौहान, सुभाष राणा, दिनेश पवार, शक्ति सिंह, अनिल पुंडीर, सुरेश पुंडीर, अमर चौहान, प्रेम तोमर, अंकुर कुशवाह, सहित सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित रहे।



## वरुण अग्रवाल ने किया पिता के लिए प्रचार

*मेरठ दर्पण निजी संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के मेरठ कैंट सीट से प्रत्याशी अमित अग्रवाल के सुपुत्र वरुण अग्रवाल ने गुरुकुल डोरली, कृष्णा नगर व रुड़की रोड पर घर घर भाजपा का पत्रक वितरण कर भाजपा को वोट करने की अपील की। स्थानीय नागरिकों द्वारा भरपूर समर्थन दिया गया व भाजपा को वोट देने का वादा किया गया। इस अवसर पर जयवीर राणा, सुधीर रस्तोगी, संजय गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।*

## बेटियां भी कर रही पिता अमित अग्रवाल के लिए प्रचार



**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** भाजपा कैंट विधानसभा प्रत्याशी अमित अग्रवाल की दोनों बेटियां भी कैंट विधानसभा प्रचार में पूरे जोर-शोर से लगी हुई है। क्षेत्र में जाकर जगह जगह मतदाताओं को भाजपा के पर्चे बांट कर मतदान करने का निवेदन कर रही हैं ।स्थानीय निवासियों द्वारा होने भरपूर स्नेह व सम्मान मिल रहा है।



## महाराजा अग्रसेन एकता मंच ने किया अमित अग्रवाल के लिये जनसम्पर्क

मेरठ दर्पण निजी संवाददाता। महाराजा अग्रसेन एकता मंच कंकरखेड़ा के सभी सदस्यों ने कंकर खेड़ा में डोर टू डोर जनसम्पर्क अभियान चला कर वैश्य शिरोमणि अमित अग्रवाल के वोट मांगे। इस दौरान अध्यक्ष अमित गुप्ता,महामंत्री अंकित गुप्ता, विनोद मित्तल, महेश चंद गर्ग, अंकित कुमार गर्ग, सुनील मित्तल, सोनू गुप्ता, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सोमेन्द्र तोमर ने किया जनसंपर्क, हुआ भव्य स्वागत



### विधायक ने बबीता फोगाट के साथ ग्राम घोपला में जनसंपर्क किया

**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** मेरठ दक्षिण विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ सोमेंद्र तोमर ने काजीपुर, गगोल, परतापुर, घोपला, रिझानी में जनसंपर्क किया और लोगों का आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क में पहुँचे सोमेन्द्र तोमर का लोगों ने तिलक और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। लोगों ने कहा कि भाजपा सरकार ने क्षेत्र में अनगिनत विकास किया है और सुरक्षित माहौल दिया है लोगों ने सोमेंद्र तोमर को अपना पूर्ण समर्थन दिया और कहा कि 2022 में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी। वही प्रत्याशी सोमेंद्र तोमर की पत्नी अंजलि तोमर ने बजौट, गुमी, चाँदसारा में जनसंपर्क किया। वही सोमेन्द्र तोमर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवान बबीता फोगाट के साथ ग्राम घोपला में जनसंपर्क किया। लोगों ने अपना पूर्ण समर्थन देते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में सरकार बनाने का संकल्प लिया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने मेरठ दर्पण न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेड़ा, मेरठ कैंट (उप्र) से प्रकाशित किया है। -सम्पादक अंकित गुप्ता
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के लिए अपने विचार हैं इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की कोई जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।

## सम्पादकीय

# अलविदा लता दीदी



सुर साम्राज्ञी, स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन की खबर ने स्वाभाविक ही पूरी दुनिया में फैले उनके करोड़ों प्रशंसकों को शोक के सागर में डुबो दिया। सब इस खबर को अपनी निजी क्षति के रूप में देख रहे हैं। 1942 में 13 साल की उम्र में परिवार की कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि के बीच और पिता से मिली संगीत की संपन्न विरासत के साथ लता ने जो करियर शुरू किया, उसे वह असीमित ऊंचाई तक ले गईं। इस क्रम में न केवल तीन पीढ़ियों ने उनकी आवाज से अपनी आत्मा को सुकून मिलता महसूस किया बल्कि संगीत की वह विरासत भी समृद्ध होती गई, जिसका अभिन्न हिस्सा लता मंगेशकर थीं। जब लता ने फिल्मों में गाना शुरू किया था, तब फिल्मी गायकी को अच्छी नजर से नहीं देखा जाता था। मगर लता की आवाज ने करोड़ों श्रोताओं के दिलों में ऊंचा मुकाम तो हासिल किया ही, इस पेशे को भी इसकी गरिमा दिलाई। 1945 में आई फिल्म महल में आएगा, आने वाला... उनका पहला हिट गाना था। उसके बाद मधुमती, बीस साल बाद, खानदान और जीने की राह फिल्मों के लिए बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का फिल्मफेयर अवॉर्ड हो या परिचय, कोरा कागज और लेकिन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, उपलब्धियां उनकी झोली में गिरकर जैसे खुद को भाग्यशाली महसूस करने लगीं। बैजू बावरा, मदर इंडिया और मुगले आजम में नौशाद की राग आधारित धुनें हों या पाकीजा, अभिमान, अमर प्रेम, आंधी, सिलसिला, चांदनी, सागर, रुदाली और दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे के सदाबहार गीत- लता मंगेशकर की आवाज जैसे हर सीमा को अप्रासंगिक बनाती चली गई। मगर इन सबसे बिल्कुल अलग है वह गीत जो भारत चीन युद्ध के बाद 1963 में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान लता मंगेशकर ने लाइव गाया था, ऐ मेरे वतन के लोगों। देश के आम जनमानस में गहराई से पैठे उस गीत ने लता के गायन, देशभक्ति के जबे और शहादत की भावना को जैसे एकाकार कर दिया। साल-दर-साल बीतते चले गए, लेकिन यह गीत राष्ट्र की सामूहिक स्मृति में ऐसे दर्ज है जैसे वह कल की बात हो। गायक एक से एक हुए हैं, होंगे, पर लता जी जैसा कोई न हुआ। यह अकारण नहीं है कि भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्मभूषण और दादा साहेब फाल्के पुरस्कार समेत शायद ही कोई बड़ा पुरस्कार या सम्मान ऐसा हो, जो इस देश और समाज ने लता मंगेशकर को न दिया हो, लेकिन इसके बावजूद आज उनके जाने के बाद यह देश और समाज खुद को उनका ऋणी महसूस कर रहा है। ऐसा लगता है कि जो कुछ उन्हें दिया गया, वह तो कुछ भी नहीं था उसके सामने जो वह हमें और आने वाली पीढ़ियों को सौंप गई हैं। अलविदा लता दीदी।

## लापरवाहीः मृत्यु के सात माह बाद लगा दी दूसरी डोज

**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** कोरोनारोधी टीकाकरण में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। पूरनलाल अग्रवाल (70) की करीब सात माह पहले मृत्यु हो गई थी। उन्हें कोरोना से बचाव का कोई टीका नहीं लगा था, लेकिन शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उन्हें दूसरी डोज लगे होने का सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया। सर्टिफिकेट में लिखा गया- कैंट लालकुर्ती टीकाकरण केंद्र पर डिंपल कर्मचारी ने टीका लगाया। इससे पहले 5 मार्च 2021 को बिना टीकाकरण हुए ही पहला टीके लगे होने का सर्टिफिकेट जारी किया गया था। पूरनलाल शिवाजी



रोड के रहने वाले थे। उनके बेटे संजय अग्रवाल एक निजी अस्पताल में मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर दोपहर 1:14 बजे कोविशील्ड का वैक्सीनेशन होने का संदेश आया तो वह चौंक गए, क्योंकि उनके पिता की तो जुलाई 2021 में ही मृत्यु हो गई थी। पहले टीके का भी इसी तरह सर्टिफिकेट आया था। यह घोर लापरवाही है।

**दूसरा टीका लगा नहीं और सर्टिफिकेट हो गया जारीः** ऐसे भी कई मामले हैं, जिन्हें कोरोनारोधी वैक्सीन का पहला टीका तो लगा, लेकिन दूसरा टीका नहीं लगा। लेकिन उन्हें दूसरा टीका लगा होने का सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया। इस तरह के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

### मामले की जांच कराएंगे

सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराएंगे। लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

## एयरटेल में एक अरब डॉलर तक निवेश करेगा गूगल




**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत के डिजिटल इकोसिस्टम के विकास में तेजी लाने के लिए और भविष्य को ध्यान में रखते हुए, एयरटेल और गूगल ने लंबे समय के लिए एक समझौता किया है। इस साझेदारी के हिस्से के रूप में गूगल ने अपने 'गूगल फॉर इंडिया डिजिटलाइजेशन फंड' से एक बिलियन डॉलर तक का निवेश एयरटेल में करने का इरादा किया है। इन निवेश में इक्विटी निवेश के साथ-साथ संभावित कमर्शियल एग्रीमेंट्स के लिए फंड शामिल हैं। इस फंड का उपयोग अगले पांच वर्षों में देश के डिजिटलाइजेशन के लिए आवश्यक क्षेत्रों की पहचान कर पारस्परिक रूप से सहमति से किया जाएगा।

## शादी समारोह में महिलाओं से छेड़छाड़, फिर आरोपी युवकों की जमकर धुनाई, पुलिस को सौंपा

**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** परतापुर में दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुए शादी समारोह में महिलाओं से छेड़छाड़ की गई। इसके बाद युवती पक्ष के लोगों ने चार युवकों को पकड़कर पीटा। बाद में दो युवक भाग निकले। इस मामले में रविवार को दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंच गए। यहां उन्होंने एक-दूसरे पर आरोप लगाकर हंगामा किया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। बताया जा रहा है कि इस शादी समारोह में कुछ बाहरी युवक आ गए थे। इनमें से कुछ शराब के नशे में स्टेज पर आकर डांस करने लगे। यहां पहले से ही काफी महिलाएं डांस कर रही थीं। इसी दौरान युवती पक्ष के लोगों ने युवकों के बारे में छानबीन की तो पता चला कि वह सभी बाहरी हैं। इनमें से ही कुछ युवक शराब के नशे में महिलाओं से छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए। वहीं युवती पक्ष के लोगों ने चार युवकों को पकड़ लिया और उन्हें पीटा। दो युवक भाग निकले।

## न्यूज डायरी

### डा. सिराजुददीन को याद कर नम हुई आंखें




**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** पुरानी तहसील स्थित इस्माइल गर्ल्स नेशनल इंटर कालेज प्रबंधक स्व. डा सिराजुददीन अहमद की याद में स्कूल प्रांगण में शोकसभा हुई। कार्यक्रम में दिवांगत डा. सिराजुददीन के पुत्र नबील भी मुख्य रूप से मौजूद रहें। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या तबस्सुम बेगम, जमाल अहमद सिददीकी, अख्तर आलम, अनीस फात्मा, शाहिद सिददीकी, हकीम हारिस अहमद, नगमा इल्यास, डा मैराजुददीन अहमद, डा ग्यासुददीन शाह, सलीम अहमद आदि ने भी खिराजे अकीदत पेश की। इस दौरान स्व. डा सिराजुददीन को याद करते हुए प्रधानाचार्या समेत अन्य शिक्षक और शिक्षकाओं की आंखे भी नम हो गई। कार्यक्रम के दौरान महान गायिका लता मंगेशकर के निधन पर भी शोक व्यक्त करते हुए सभी ने दो मिनट का मौन रखा। साथ ही उनकी आत्मशांति के लिए प्रार्थना की।

### ब्राह्मण समाज के सम्मान हेतु किया यज्ञ

**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा लगातार किए जा रहे ब्राह्मण समाज के अपमान के विरोध में रविवार को नौचंदी ग्राउंड स्थित प्राचीन व विख्यात नवचंडी मंदिर में ब्राह्मण समाज की मान सम्मान की रक्षा के लिए विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया। समाज के मान सम्मान और रक्षा हेतु मेरठ कैंट विधानसभा से बसपा प्रत्याशी अमित शर्मा भी इस शंखनाद में शामिल हुए। अमित शर्मा ने कहा कि कुछ नेताओं द्वारा ब्राह्मण समाज को लगातार अपमानित किया जा रहा है । समाज के प्रति नफरत फैलाई जा रही है। नेताओं को इसका जवाब ब्राह्मण समाज के लोग आने वाली 10 फरवरी को वोट के रूप में देंगे। ब्राह्मण समाज अब एकजुट हो गया है। उन्होंने कहा कि नेताओं की सद्बुद्धि के लिए विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया है, ताकि ईश्वर इनको सद्बुद्धि दे और भविष्य में ब्राह्मण समाज के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग न करें। इस मौके पर पंडित अश्वनी कौशिक, आशु शर्मा, सुबोध भारद्वाज, विशाल शर्मा व ब्राह्मण समाज के संगठन के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कोरोना नियमों के साथ फिर से खुले स्कूल





**मेरठ दर्पण निजी संवाददाता।** बीते दिनों से कोरोना के मामलों में आ रही कमी के बीच आज सोमवार से वेस्ट यूपी में भी 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के स्कूल खुल गए हैं। सभी स्कूलों को अभी सामाजिक दूरी रखने, मास्क पहनने की अनिवार्यता, हाथ धोने, सैनिटाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। स्कूल खोलने से पहले फर्नीचर, कक्षाओं को पूरी तरह से सैनिटाइज करने के लिए कहा गया है। सोमवार को स्कूलों में छात्रों की अच्छी संख्या देखी गई। कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यालय बच्चों के लिए सोमवार से खुल गए। करीब एक माह की बंदी के बाद स्कूलों में रौनक फिर से लौटी। प्रत्यक्ष रुप से कक्षा में पठन-पाठन शुरू हुआ। स्कूलों में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए बच्चों को प्रवेश दिलाया गया। हालांकि पहले दिन उपस्थिति पर असर पड़ा।

विद्यालय में चुनाव तैयारी को लेकर रुकी फोर्स के कारण भी व्यवस्था प्रभावित हुई। दरअसल, कोरोना की संभावित तीसरी लहर की रफ्तार अब कम हो गई है। संक्रमण के मामले भी कम प्रकाश में आ रहे हैं।

# मां सरस्वती पूजन के साथ मनाया बसंत पंचमी

## वेंकटेश्वरा में बसन्त पंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम उल्लास के साथ मनाया





मेरठ दर्पण निजी संवाददाता। वेंकटेश्वरा संस्थान में विद्या, ज्ञान, कला एवं संगीत की आराध्य देवी माँ सरस्वती के प्रकटोत्सव ''बसन्त पंचमी'' पर विधि विधान के साथ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। बसन्त पंचमी पर आयोजित बसन्तोत्सव-2022 का शुभारम्भ वेंकटेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 पी0के0 भारती, कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित करके किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि जिस तरह शिवजी की शक्ति माँ पार्वती, भगवान विष्णु की शक्ति माँ लक्ष्मी है, उसी तरह माँ सरस्वती जी को भगवान ब्रह्म की शक्ति कहा गया है। बसन्तोत्सव-2022 को प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 पी0के0 भारती एवं कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डे ने भी सम्बोधित किया। इसके बाद छात्र-छात्राओ ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रभात श्रीवास्तव, निदेशक एकेडमिक डॉ0 राकेश यादव, निदेशक एडमिशन अलका सिंह, निदेशक रिसर्च डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 एना ब्राउन, वर्षा यादव, डॉ0 उमेश सिंह, एस0एस0 बघेल, डॉ0 सी0पी0 कुशवाहा, डॉ0 संजय तिवारी, अरूण गोस्वामी, दीपक सिंह, ब्रजपाल सिंह, विश्वास त्यागी, अभिनव राणा, अंजलि शर्मा, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## बंसत पंचमी पर मतदाताओं को किया जागरूक

मेरठ दर्पण निजी संवाददाता। बसंत पंचमी के पर्व पर श्री जी नित्य वाटिका की संचालिका अनुराधा शर्मा द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बच्चों की कथक प्रस्तुति द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि महिला मोर्चा महानगर कोषाध्यक्ष रुचि गर्ग और अखिल भारतीय सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ विष्णु अवतार रोहिल्ला ने सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राम स्तुति आराध्या व अनन्या द्वारा दी गई देश के प्रति समर्पित भावों को सुंदर प्रस्तुति द्वारा दर्शाया गया। मुख्य अतिथि रुचि गर्ग और डॉक्टर विष्णु अवतार रोहिल्ला और संचालिका अनुराधा शर्मा ने बच्चों को मतदान क्यों करना चाहिए, और कैसे हम मतदान के द्वारा अपने देश की संस्कृति को बचाने का कार्य कर सकते हैं यह इन बातों से सभी बच्चों को अवगत कराया।

## बसंत पंचमी मां सरस्वती की पूजा के लिए मंदिरों में उमड़े भक्त



मेरठ दर्पण निजी संवाददाता। बसंत पंचमी और देवी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर सूरजकुंड रोड स्थित अति प्राचीन सरस्वती मंदिर पर वैश्य समाज महिला उत्तर प्रदेश मेरठ द्वारा परंपरागत विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भोग लगा कर मीठे केसरिया चावल, फल और मिष्ठान का वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने बताया कि सरस्वती मं दिर में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा भोग और प्रसाद वितरण के साथ ही आने जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को 10 फरवरी को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक किया गया और सभी से अपील की कि धर्म और जाति से ऊपर उठकर समाज के कल्याण के लिए मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करे और अन्य को भी मतदान के लिए प्रेरित करें और करवाएं भी भी इसमें महिलाएं अपना विशेष योगदान दे सकती हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के साथ महानगर अध्यक्ष सोनल बिश्नोई, महामंत्री अनीता गुप्ता , उनके सभी पदाधिकारी सारिका बिश्नोई खुशी वार्ष्णेय, प्रिया गुप्ता राधा सिंघल ,ममता मित्तल ,नीतू गुप्ता ,प्रभा विश्नोई ,सुषमा सिंघल मंजू गुप्ता,सपना बंसल, इति गोयल, हेमलता आरती गुप्ता आदि उपस्थित रहीं डॉ मनोज कुमार गोयल ललित वार्ष्णेय और दीपावली मित्तल का विशेष सहयोग रहा।

## विधायक ने की भाजपा को वोट देने की अपील



मेरठ दर्पण निजी संवाददाता। ग्राम दुल्हेड चौहान में समस्त ग्राम वासियों की ओर से सरधना विधानसभा क्षेत्र के विधायक व प्रत्याशी ठाकुर संगीत सिंह सोम का भव्य स्वागत हुआ जिसमें सर्व समाज के ग्रामीणों ने पगड़ी पहनाकर तलवार देकर और गांव की तरफ से गणमान्य लोगों की तरफ से सर्व समाज की तरफ से 11 लाख रुपए की नगद राशि दी। विधायक संगीत सोम ने 10 फरवरी को होने वाले चुनाव में सभी को भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बालकिशोर ग्राम के पूर्व प्रधान प्रेमपाल सिंह बबलू प्रधान जिला पंचायत सदस्य पूर्व ललित चौहान, गौरव चौहान, मंकू चौहान, शुभम चौहान, मुकुट चौहान, व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## कृषि विवि व लोहिया नगर मंडी में होगी मतगणना

मेरठ दर्पण निजी संवाददाता। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेरठ सत्य प्रकाश सिंह ने सर्व साधारण को सूचित करते हुये बताया कि उ0प्र0 विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 के लिए जनपद मेरठ में अवस्थित 07 विधान सभाओ की मतगणना सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ तथा अतिरिक्त फल सब्जी मंडी, हापुड रोड, लोहिया नगर, मेरठ दो केन्द्रो पर किये जाने संबंधी भेजे गये प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। उन्होने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 43-सिवालखास, 44-सरधना व 45-हस्तिनापुर (अ0जा0) की मतगणना हेतु प्रस्तावित स्थल सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ तथा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 46-किठौर, 47-मेरठ कैन्ट, 48-मेरठ तथा 49-मेरठ दक्षिण की मतगणना हेतु प्रस्तावित स्थल अतिरिक्त फल सब्जी मंडी, हापुड रोड, लोहिया नगर, मेरठ है।

## शोभित विवि में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता प्रारंभ





### कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने ऑनलाइन माध्यम से किया

मेरठ दर्पण निजी संवाददाता। शोभित विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय वार्षिक खेल प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रेरणा दिवस की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रेरणा दिवस कोई धार्मिक संस्कार नहीं है यह एक उत्सव है जिसे हम सबको मिलकर मनाना है और यह हर किसी के लिए खुद को चुनौती देने का एक सुनहरा अवसर है। इसलिए हमें अपनी ऊर्जा को अपने अंदर ना रख कर उसका सदुपयोग करना चाहिए और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे अंदर की ऊर्जा एक साथ मिलकर सिनर्जी बन जाए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजय राणा ने सभी छात्रों एवं शिक्षकों को प्रेरणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सभी खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के कुलपति प्रो रंजीत सिंह ने भी सभी को प्रेरणा दिवस की शुभकामनाएं दी एवं छात्रों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए सरकार द्वारा कोविड-19 की गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय राणा द्वारा मशाल में अग्नि प्रज्वलित कर की गई जिसके बाद मशाल को विश्वविद्यालय के सभी विभागों से होते हुए क्रीडा स्थल पर ले जाया गया जहां पर कुलपति, कुलसचिव एवं प्रेरणा दिवस के संयोजक एवं सहसंयोजकओ द्वारा एक साथ मिलकर मुख्य अग्नि में आहूत कर प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में एनसीसी के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट आकर्षण का केंद्र रहा जिन्होंने शानदार तरीके से अतिथियों को मार्च पास्ट करते हुए सलामी दी। सबसे पहले बास्केटबॉल मैच से खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई जिसमें शोभित विश्वविद्यालय एवं मेरठ कॉलेज की टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें शोभित विश्वविद्यालय की टीम ने 65-60 से यह मैच जीत लिया। जिसमें अहम भूमिका विश्वविद्यालय की टीम के कप्तान अखिल कौशिक द्वारा निभाई गई ।